# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल, अनूपपुर (म०प्र०)

E-mail : dfotanppur@mp.gov.in; Ph. No. (07659) 222038

क्रमांक / मा0 चि0 / 2019 / 3528 अनूपपुर, दिनांक 29/8/2019

**प्रति,**

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग**
**(भ / स) संभाग अनूपपुर।**

**विषय** :– बोदा से लखौरा मार्ग लंबाई 12.00 कि.मी. निर्माण कार्य के संबंध में।
**(Praposal No. FP/MP/Road/26648/2017)**

**संदर्भ** :– 1– आपका पत्र क्रमांक / 617 दिनांक 06.06.2019
2– उप वन मण्डलाधिकारी राजेन्द्रग्राम का पत्र क्रमांक / 920 दिनांक 24.08.2019.

––o0o––

उपरोक्त विषयांकित संदर्भ में लेख है कि बोदा से लखौरा मार्ग लंबाई 12.00 कि.मी. निर्माण कार्य हेतु वन मण्डल अनूपपुर के वन परिक्षेत्र राजेन्द्रग्राम की 7.35 हे. वन भूमि प्रभावित हो रही है, जिसके बदले में शासकीय भूमि आराजी खसरा क्रमांक 179 रकवा 3.253 हे. ग्राम मौहरी में तथा आराजी खसरा क्रमांक 281/1 रकवा 5.787 हे. का अंश भाग 4.097 हे. ग्राम बोदा में वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा वन विभाग के पक्ष में नामांतरण हेतु आदेश पारित किया गया है, परन्तु उक्त दोनों स्थान पर उपलब्ध करायी गई भूमि के आराजी खसरों में आम जनता द्वारा अतिक्रमण कर खेती करना पाया गया है।

अतः आप उक्त दोनों जगह उपलब्ध करायी गई भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर या अन्यत्र जगह निर्विवादित गैर वन भूमि उपलब्ध करावें, ताकि उक्त भूमि की वृक्षारोपण योजना तैयार की जा सके।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार, प्रस्ताव मूलतः।

**वन मण्डलाधिकारी**
वन मण्डल अनूपपुर

पृ. क्रमांक / मा0 चि0 / 2019 / 3529 अनूपपुर, दिनांक 29/8/2019

प्रतिलिपि :–

1– कलेक्टर जिला अनूपपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

2– उप वन मण्डलाधिकारी राजेन्द्रग्राम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

**वन मण्डलाधिकारी**
वन मण्डल अनूपपुर

OIC

Scanned with CamScanner